Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 32
Ghaziabad, Sunday, 07 January- 2024

07 January to 13 January- 2024

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:**101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

Email: editor@tbam.co.in

Page 3



Page 5



Page 7



# आरएचएएम ने 200 क्षय रोगी और गोद लिए

## क्षय रोगी नियमित रूप से दवा और पौष्टिक आहार का सेवन करें: योगेश गर्ग

### कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सैफरोन, इन्दिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल और गाजियाबाद सनरेज का विशेष सहयोग रहा





















**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर के निर्देशन में आरएचएएम (रहम) फाउंडेशन ने सहयोगी रोटरी क्लब दिल्ली ईस्ट एंड, गाजियाबाद सैफरोन, इन्दिरपुरम गैलोर, गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल और गाजियाबाद सनरेज के साथ मिलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), मुरादनगर पर क्षय रोगी एडॉप्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आरएचएएम संस्था की ओर से दो सौ क्षय रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार प्रदान किया गया। संस्था पूर्व में भी खोड़ा यूनिट के 525, ईएसआईसी डिस्पेंसरी के 100 मरीजों को पहले ही गोद ले चुका है।

विशिष्ट अतिथि योगेश गर्ग ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि संस्था के द्वारा उपलब्ध कराए गए पुष्टाहार का क्षय रोगी स्वयं सेवन करें और नियमित रूप से अपनी दवाएं लेते रहें।

अपनों के बचाव के लिए बंद स्थान पर क्षय रोगी मास्क का इस्तेमाल करें, साथ ही अपने परिजनों को कहें टीबी संक्रामक बीमारी है जो सांस के जरिए फैलती है इसलिए वह भी अपनी जांच अवश्य कराएं।

इस मौके पर मुरादनगर सीएचसी प्रभारी डा. राजेश तेवतिया ने क्षय रोगियों को बताया कि टीबी की दवाओं के साथ पौष्टिक भोजन लेना जरूरी है। खासकर उच्च प्रोटीन युक्त पुष्टाहार लेने से क्षय रोगियों को जल्दी आराम आता है। एडॉप्शन कार्यक्रम के दौरान डा. रवि शर्मा, डा. अनुज और क्षय रोग विभाग से पीपीएम समन्वयक दीपाली गुप्ता, पीके दुबे, हरीश कुमार, ओमकार तथा आरएचएएम संस्था की ओर से संदीप इंदौरिया, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे। आरएचएएम संस्था की ओर से डा. धीरज भार्गव ने कहा कि गोद लिए गए क्षय रोगियों को उपचार जारी रहने तक संस्था हर माह पुष्टाहार उपलब्ध कराएगी। वह चिकित्सक के बताए अनुसार नियमित रूप से दवाएं खाते रहें।

## नोटिफिकेशन के मामले में पांचवें नंबर पर आया जिला

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर ने बताया – जिले में पब्लिक और प्राइवेट, दोनों ही क्षेत्रों में टीबी नोटिफिकेशन बढ़ा है। इससे अधिक क्षय रोगियों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और वह जल्दी ठीक हो सकेंगे। इसके साथ संक्रमण की चेन तोड़ने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया – वर्ष –2023 में सूबे में निक्षय पोर्टल पर कुल 6.26 लाख क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन हुआ है। इनमें से 4.05 लाख क्षय रोगी पब्लिक और 2.20 लाख निजी क्षेत्र से नोटिफाई किए गए हैं। क्रमशः लखनऊ, आगरा, कानपुर–नगर और अलीगढ़ जनपद के बाद गाजियाबाद जनपद का नोटिफिकेशन में पांचवां स्थान है। जनपद में वर्ष–2023 में कुल 19,211 क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन किया गया है, इनमें से 11,642 रोगी पब्लिक और 7,569 निजी क्षेत्र से नोटिफाई किए गए हैं। सीएमओ ने जनपद के सभी क्षय रोगियों का आह्वान किया है कि वह अपने आफिस या दुकान आदि पर संपर्क में आने वाले लोगों और परिजनों को टीबी की जांच कराने के लिए प्रेरित करें।

# Editorial

## Two Chief Ministers under investigation

Since Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal and Jharkhand Chief Minister Hemant Soren are repeatedly rejecting the summons of the Enforcement Directorate (ED), the ultimate outcome could be jail. Kejriwal has rejected the summons three times and Soren seven times. This is a rejection and violation of the Constitution. 'Liquor scam' broke out during the Kejriwal government and Soren is accused in an illegal mining case worth Rs 1000 crore. The Election Commission has sent a letter against Soren to the Governor of the state demanding that the Chief Minister be dismissed and his Assembly membership also be cancelled. This closed letter has been under consideration of the Governor for a long time. Who knows how long the process of thinking takes? Both the Chief Ministers are constituents of the opposition alliance 'India'. He has assumed office by taking oath under the Constitution and ED is also a constitutional investigation agency. In view of being opposition, both the Chief Ministers are terming the summons as 'political' and blaming BJP for a conspiracy to destabilize the governments. Kejriwal has said many times that Prime Minister Modi is afraid of him, hence, in order to neutralize him in the elections, traps of ED investigation and jail are being laid. Both the Chief Ministers consider themselves innocent of their respective scams, hence are not giving any clarification on the allegations of scams. Kejriwal's former Deputy Chief Minister Manish Sisodia has been in jail for the last 11 months on serious charges of liquor scam and money laundering. Even the Supreme Court has rejected his bail plea. Rajya Sabha MP Sanjay Singh from Kejriwal's party is also in jail in view of the allegations and evidence of scams. If such important comrades are in jail, did they themselves decide on the 'liquor policy'? Who presided over the cabinet meetings? The jail mates had introduced some faces of the liquor mafia, who are in jail, to Chief Minister Kejriwal at his residence, so what was the purpose of that?

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# Cabinet approves to name Ayodhya Airport as Maharishi Valmiki International Airport, Ayodhyadham

**New Delhi.** The Cabinet has approved the proposal to declare Ayodhya Airport as an International Airport and naming it as "Maharishi Valmiki International Airport, Ayodhyadham" on Friday here.\

This decision is paramount for realizing Ayodhya's economic potential and its significance as a global pilgrimage site, opening doors to foreign pilgrims and tourists, an official statement said.


The airport's name, "Maharishi Valmiki International Airport, Ayodhyadham," pays homage to Maharishi Valmiki, the sage attributed to composing the epic Ramayana, adding a cultural touch to the airport's identity.

The Union Cabinet chaired by Prime Minister Narendra Modi has also approved the signing of a Memorandum of Understanding (MoU) between India and the United States for International Development (USAID) for supporting Indian Railways to achieve Mission Net Zero Carbon Emission. The MoU will provide a platform for Indian Railways to interact and share the latest developments and knowledge in the railway



sector. It will facilitate utility modernization, advanced energy solutions and systems, regional energy and market integration and private sector participation and engagement, training and seminars focusing on specific technology areas like Renewable Energy, energy efficiency and other interactions for knowledge sharing. and foster investment with Guyana, the Cabinet approved the signing of MoU between the Ministry of Petroleum & Natural Gas, Government of India and the Ministry of Natural Resources, Republic of Guyana on cooperation in the hydrocarbon sector. This initiative will provide an opportunity to Indian company to participate in E&P sector of Guyana, gaining experience by working with global oil and gas companies in upstream projects, thus fostering the vision of "Aatmanirbhar Bharat" the official statement said. In another decision, the Cabinet approved the overarching scheme "PRITHvi VIgyan (PRITHVI)" of Ministry of Earth Sciences, for implementation during the period from 2021-26 at an overall cost of Rs. 4,797 crores. The scheme encompasses five ongoing sub-schemes namely "Atmosphere & Climate Research-Modelling Observing Systems & Services (ACROSS)", "Ocean Services, Modelling Application, Resources and Technology (O-SMART)", "Polar Science and Cryosphere Research (PACER)", "Seismology and Geosciences (SAGE)" and "Research, Education, Training and Outreach (REACHOUT)".

# Kashi, Ayodhya, Prayagraj emerge as most preferred tourist destinations in UP



**Lucknow.** Consolidating its position on the global tourism map Uttar Pradesh achieved a new milestone as over 32 crore tourists, including a significant number of international visitors, explored the state in the first nine months of 2023. Among the various destinations in the state, Kashi attracted the highest number of tourists, while Prayagraj and Ayodhya also witnessed the arrival of crores of visitors. The year 2023 marked a significant milestone for UP across diverse sectors.

Achieving top positions in both central and state welfare schemes, the state also experienced notable progress in the field of tourism. From January to September 2023, the number of domestic tourists visiting UP was 31,91,95,206, and 9,54,866 foreign tourists also explored the state.

Varanasi, in particular, witnessed the highest number of tourist arrivals. From January to September, a total of 8,42,04,814 tourists visited Varanasi, with 8,40,71,726 being domestic tourists and 1,33,088 being international tourists. After Kashi, Prayagraj emerges as the second choice for tourists. A total of 4,49,95,996 tourists visited here from January to September 2023. Among them, the number of domestic tourists was 4,49,93,289, while 2,707 foreign tourists also explored Prayagraj. Similarly, Ayodhya secured the third position in terms of tourist arrivals. From January 23 to September 23, a total of 2,03,64,347 tourists visited Ayodhya. Among them, the number of domestic tourists was 2,03,62,713, while 1,634 were international tourists. It may be noted that the highest number of tourists coming to UP was recorded between January and July, ranging between 5.56 to 5.80 crore.

# SC dismisses plea for removal of Shahi Idgah Mosque in Mathura

**New Delhi.** The Supreme Court on Friday dismissed a Public Interest Litigation (PIL) petition seeking removal of Mathura's Shahi Idgah Mosque. A bench of Justices Sanjiv Khanna and Dipankar Datta refused to entertain the appeal filed against an order of the Allahabad High Court which had dismissed the PIL. "It would not be right for us to interfere. Sorry. Not a matter for PIL", the Supreme Court said, saying it's a dispute on questions of fact. The court clarified that the petition will not come in the way of any future application.

The Allahabad High Court had in October 2023 rejected the PIL filed by advocate Mahek Maheshwari seeking to recognise Mathura's Shahi Idgah Mosque as the site of Krishna Janambhoomi (Birthplace of Lord Krishna) The petitioner cited various historical texts and said, "It is a documented fact that the site is Krishna Janambhoomi and its historical roots could be traced back to the Ramayana era". The petitioner argued that since Islam has arrived much later than the Ramayana period, the structure cannot be treated as a mosque. The petitioner urged



the court to transfer the land where Shahi Idgah Mosque is situated to the Hindu community. A legitimate trust could be established for the Krishna Janambhoomi Janamsthan which would construct the temple, the petitioner had suggested.

The petitioner said the Shahi Idgah does not qualify for the status of a legitimate mosque under Islamic jurisprudence since a mosque cannot be constructed on land acquired through force. On the other hand, according to Hindu jurisprudence, a temple retains its sacred status even if it lies in ruins, the petitioner said. The plea also asked for a court-monitored excavation using GPRS technology by the Archaeological Survey of India (ASI) at the disputed site to ascertain whether the Mosque was constructed over Krishna Janmasthan.

# नए साल के उपलक्ष में निगम ने शहर में निकाली स्वच्छता यात्रा, महात्मा गांधी जी की झांकी से दिया स्वच्छता का संदेश

## शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में व्यापारी वर्ग करें निगम का सहयोगः नगर आयुक्त





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सिटी जोन के अंदर स्वच्छता यात्रा निकाली गई जिसमें महात्मा गांधी जी की झांकी से शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया, गोल मार्केट, नवयुग मार्केट, चोपला, घंटाघर व अन्य बजारी क्षेत्र में यात्रा निकली गई, गाजियाबाद नगर निगम के जोनल प्रभारी सिटि जोन, एचएमएस की टीम, तथा व्यापारी वर्ग भी उपस्थित रहा जिनके द्वारा बाजारों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई, नगर आयुक्त द्वारा भी व्यापारियों से प्लास्टिक मुक्त अभियान में सहयोग करने की अपील की गई है तथा कपड़े की थैली इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार शहर की सफाई व्यवस्था के लिए गाजियाबाद नगर निगम की टीम व्यापारी वर्ग का साथ लेकर बजारी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिए जागरुक कर रही है, नगर आयुक्त द्वारा स्वच्छता यात्रा की सरहना की गई, शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए व्यापारियों से भी अपील की गई, शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने के लिए कपड़े के थैले भी वितरित किए गए।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है जिसमें गाजियाबाद नगर निगम विद्यार्थियों तथा व्यापारियों व अन्य कई सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर शहर हित में कार्य कर रही है, आगे भी लगातार निगम का अभियान स्वच्छता के प्रति जारी रहेगा जिसमें नए-नए तरीके से शहर को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# जब सुबह निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त पहुंचे रैन बसेरा, आश्रितों ने बोला थैंक यू नगर निगम

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** प्रातः भ्रमण के दौरान विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त द्वारा कवि नगर जोंन अंतर्गत सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिसके क्रम में नगर आयुक्त ने राजनगर स्थित रैन बसेरों का भी औचक निरीक्षण किया, मौके पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली, नगर आयुक्त ने आश्रितों से वार्ता की तथा उनका हाल-चाल



लिया, आश्रितों द्वारा नगर आयुक्त से मिलकर गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ संबंधित अधिकारी मौजूद रहे, आश्रय स्थलों पर नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, देहरादून, सहारनपुर, हल्द्वानी, के ठहरे हुए रहागीरो से बात की जिनके द्वारा रात्रि में आश्रय लिया गया बेहतर व्यवस्था के साथ ठंड का समय गुजारा गया जिसकेे लिये गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद जताया गया।

# सम्भागीय नाट्य समारोह का शुभारंभ किया गया





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा आयोजित एव हिंदी भवन समिति के सहयोग से 4 जनवरी को हिंदी भवन लोहिया नगर में सम्भागीय नाट्य समारोह का शुभारंभ किया गया।

जिसमें बैक स्टेज प्रयागराज की ओर से बाजी नामक नाटक की प्रस्तुति दी गई।इस दौरान नाटक प्रेमियों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। नाट्य कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों ने समारोह की काफी सरहाना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे अतुल गर्ग विधायक गाजियाबाद ।इस दौरान कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त रवि कुमार, ललित जायसवाल, सुभाष गर्ग, शैलजा, प्रथ्वी सिंह कसाना, बल्देवराज शर्मा, राज कौशिक, जयवर्धन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## ग्राम औरंगाबाद दतेड़ी व ग्राम शामली में

# विधायक डॉ.मंजू शिवाच की अध्यक्षता में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम आयोजित

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम औरंगाबाद दतेड़ी व ग्राम शामली में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय डॉ मंजू शिवाच माननीय विधायक मोदीनगर व विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुचेता सिंह ब्लॉक प्रमुख भोजपुर द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई।

कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है।

कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों धर्मवीर, इमरत, ब्रजपाल सिंह, राकेश, पिंटू, वीरेंद्र सिंह तौमर, पवन कुमार तौमर, अनिल तौमर, रामौतार सिंह, रमेश सिंह को सम्मानित किया गया। जिसमें से किसान धर्मवीर जी * ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का रामकुमार, कुलदीप व धर्मेश तौमर के गेहूं के खेत पर कराया गया। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ -नन्हा मुन्ना राही हूं देश का सिपाही हूं, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्ज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ -मैं बरसाने की छोरी, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्ज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।





# संभव में नगर आयुक्त ने सुनी जन समस्याएं, प्राप्त हुए 28 संदर्भ, निगम अधिकारियों ने की कार्यवाही



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** संभव जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निगम अधिकारियों सहित जन समस्याओं को सुना गया जिसमें 28 से संदर्भ प्राप्त हुए, अधिकांश समस्याएं निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त हुई, संभव में कई माननीय पार्षदों ने से भी हिस्सा लिया तथा अपने क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की, तथा मौके पर ही निगम अधिकारियों ने आई हुई समस्याओं पर कार्यवाही कराई। संभव के दौरान प्राप्त समस्याओं में वसुंधरा तथा मोहन नगर जोन से जलकल विभाग संबंधित समस्याएं प्राप्त हुई पंप ऑपरेटर की उपस्थिति तथा कई पानी के कनेक्शन करने को लेकर समस्याएं सामने आई जिस पर नगर आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक जल तथा अन्य संबंधित अधिकारी को कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए साथ ही नगर आयुक्त द्वारा समस्त पंप ऑपरेटरों की उपस्थिति भी जानी, समस्त वार्डों में अधिकारियों को निरीक्षण करने के लिए भी कहा जिसमें मौके पर प्राप्त समस्याओं के समाधान पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए, जलकल विभाग को प्राप्त समस्याओं पर तेजी से कार्य करने के लिए भी कहा गया। संभव में संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, निर्माण विभाग की टीम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे, अधिकारियों द्वारा प्राप्त समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही कराई संभव में मांग भी प्राप्त हुई जिन पर प्रस्ताव बनाते हुए कार्यवाही के लिए कहा गया।

# दुकानों के किराये को लेकर व्यापारियों तथा नगर आयुक्त की हुई बात, साझा किये समिति के विचार

## बाजार दर के आधार पर तय होगा दुकानों का किरायाः नगर आयुक्त

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में शहर के बड़े व्यापारियों द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक से दुकानों के किराए को लेकर मुलाकात की गई, व्यापारियों द्वारा निगम की दुकानों के बढ़ाये जाने वाले किराए को लेकर विशेष चर्चा की गई, अपना विषय नगर आयुक्त महोदय के समक्ष रखा तथा अपने कंफ्यूजन को दूर किया, जिसके क्रम में नगर आयुक्त ने समिति के विचार को साझा किया। नगर आयुक्त द्वारा स्पष्ट रूप से व्यापारियों से हुई बातचीत में बताया कि समिति द्वारा निगम की दुकानों का किराया बढ़ाने का विचार किया है जिसमें व्यापारी वर्ग को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा गया है, बाजार दर के आधार पर दुकानों का किराया बढ़ाने की कार्यवाही चल रही है, समिति ने महापौर महोदया की अध्यक्षता में कई बिंदुओं पर चर्चा की जिसमें कवि नगर सी ब्लॉक,गोल मार्केट, राजनगर मार्केट, मोहन नगर, लाजपत नगर, साहिबाबाद रेलवे स्टेशन, रामानुज दयाल मार्केट, अर्थला, विजयनगर डी ब्लॉक मार्केट, व अन्य निगम की दुकानो का किराया बाजार की दर पर बढ़ाने का विचार किया गया है लोकेलिटी, दुकानदार की आय को भी ध्यान में रखा गया है, जिस पर आए हुए व्यापारियों ने अपनी सहमति भी दिखाई। व्यापारी वर्ग द्वारा एक साथ बढ़ाए जाने वाले किराए पर अपना विषय रखा किंतु कई वर्षों से नहीं बढ़ाया गया इस पर अपनी सहमति भी दिखाई, नगर आयुक्त द्वारा व्यापारियों की कंफ्यूजन को और अधिक विस्तार से दूर किया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि दुकानों के किराए को यदि दुकानदार महा मार्च 2024 तक जमा करता है तो दुकानदार को एक साल की छूट भी दी जाएगी, 2023-24 का ही किराया देना होगा 2022-23 का किराया की छूट दी जाएगी, आगामी कितने वर्ष बाद किस प्रकार किराया बढ़ाना है इसका निर्णय सदन द्वारा किया जाएगा विचार किया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निगम की आय बढ़ाने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में माननीय सदन में जब से दुकान आवंटित हुई है तब से किराया बढ़ाने की बात रखी गई थी किंतु सदन के आदेश पर समिति वर्तमान में केवल 2 साल का ही किराया वसूलने के लिए विचार कर रही है जिस पर शहर के व्यापारियों ने संतुष्टि दिखाई, यदि किसी दुकानदार को निगम की दुकान से तथा बड़े हुए किराए से आपत्ती आती है तो दुकान को नीलामी की तरफ ले जाने का निर्णय भी लिए जाने हेतु विचार चल रहा है।



# लोहा व्यापारियों ने हर्षोल्लास से मनाया नव वर्ष, डीसीपी रहे मुख्य अतिथि, हास्य कवियों ने बांधा समां

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** नव वर्ष के आगमन के अवसर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में सभी लोहा व्यापारियों ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ एक भव्य आयोजन करके नव वर्ष की खुशी का इजहार किया और एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी इस अवसर पर गाजियाबाद सिटी के डीसीपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि रहे ।मुख्य अतिथि ने सभी लोहा व्यापारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी उपस्थित को युवा पीढ़ी को संस्कार देने की बात कही और सभी लोहा व्यापारियों को भाय मुक्त होकर व्यापार करने के लिए कहा तथा किसी भी तरह की आपराधिक और कानून व्यवस्था, चोरी इत्यादि की घटना को अवगत कराने के लिए कहा ,सभी को हर प्रकार की सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया ।

लाफ्टर चैंपियन विनोद पाल और पी के आजाद को आमंत्रित किया गया था जिन्होंने अपने हास्य व्यंग्य की कविताओं से सभी उपस्थित जन समूह और व्यापारियों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया ।गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने अन्य सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह देकर उनके गाजियाबाद में आगमन पर स्वागत भी किया और शुभकामनाएं दी। डॉ.अतुल कुमार जैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि अब व्यापारी भय मुक्त वातावरण में कार्य कर रहे हैं हाल ही में पुलिस विभाग द्वारा लोहा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का अनावरण करने के लिए पुलिस विभाग का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अन्य व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी गण भी काफी संख्या में उपस्थित रहे थाना कवि नगर के प्रभारी योगेंद्र मलिक और लोहा मंडी और बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया के चौकी इंचार्ज सौरभ सिंह और मोहित कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्य रूप से इस आयोजन में अतुल कुमार जैन के अतिरिक्त भूपेंद्र बंसल जय कुमार गुप्ता राजकुमार अग्रवाल आनंद प्रकाश सुबोध गुप्ता इंद्र मोहन कुमार अंबरीश जैन दीपक सिंघल राजीव मंगल महेश गुप्ता सुशील जैन प्रदीप बंसल गौरव मिगलानी संजय मित्तल अनुराग अग्रवाल कपिल जैन मुकेश कुमार वीरेश मित्तल गिरीश मेहंदी रत्ता राजीव खन्ना इत्यादि के अतिरिक्त भारी संख्या में लोहा व्यापरीकरण उपस्थित रहे।







# आरटीई के तहत दाखिले लेना अनिवार्य, दस्तावेजों की जांच करने का स्कूल को नहीं है अधिकार: प्रभारी मंत्री असीम अरूण



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में असीम अरूण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। राज्यमंत्री के आगमन पर जिलाधिकारी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान आरटीई के तहत स्कूलों द्वारा दाखिले ना लेना, विद्युत विभाग, जीडीए, नगर निगम, पुलिस कमीश्नरेट सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। राज्य मंत्री जी ने सर्वप्रथम आरटीई के तहत दाखिले ना लेने वाले बिन्दु पर चर्चा की। बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 07 स्कूलों के नाम दिए गए जिन्होने बहुत कम दाखिले लिए, जिनमें डीपीएस मेरठ रोड़, डीपीएस साहिबाबाद लोनी, सेठ आनन्द जयपुरिया स्कूल वसुन्धरा, जी0डी0 गोयनका पब्लिक स्कूल राजनगर एक्सटेंशन, शम्भू दयाल ग्लोबल पब्लिक स्कूल दयानन्दनगर, गुरूकुल द स्कूल डासना रोड़, सी0पी0 आर्य पब्लिक स्कूल स्वर्ण जयंतीपुरम थे। राज्यमंत्री जी ने देखा कि इन सभी स्कूलों के प्रधानचार्य या कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं आया था, जिस पर राज्यमंत्री जी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त सभी स्कूलों के खिलाफ स्पष्टीकरण के नोटिस भेजे जाए कि उनके विद्यालय से जिम्मेदार व्यक्ति क्यों नहीं आए। मंत्री जी ने स्कूलों से आए हुए प्रतिनिधियों को स्पष्टता से कहा कि आरटीई के तहत चयनित विद्यार्थियों का दाखिला लेना जरूरी है। स्कूल वालों को विद्यार्थियों के कागज जैसे आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य किसी भी दस्तावेज में कोई कमी हो तो उसके लिए आप बीएसए से सम्पर्क करें, जांच का अधिकार अधिकारियों को है ना कि स्कूलों को। हमें किसी भी प्रकार का निर्णय लेना पड़े, हम लेंगे किन्तु आरटीई के छात्रों को दाखिला जरूर दिलाएंगे। इसलिए स्कूल प्रबंधक आरटीई के तहत दाखिला जरूर लें।

विद्युत विभाग के अधिकारी शासनादेश के बाद ही कोई वसूली की कार्यवाही करें, जो कि सभी के लिए हो। इसके साथ ही जीडीए, नगर निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा भी की गयी। बैठक में मुख्य रूप से नन्द किशोर गुर्जर विधायक लोनी, डॉ.मंजू शिवाच विधायक मोदीनगर, धर्मेश तौमर विधायक धौलाना, सतपाल प्रधान जिलाध्यक्ष भाजपा, संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष भाजपा एवं प्रशासनिक अधिकारियों में अजय कुमार मिश्र पुलिस कमिश्नर, राकेश कुमार सिंह जिलाधिकारी, विक्रमादित्य सिंह मलिक नगरायुक्त, डॉ.भवतोष शंखधर सीएमओ, गम्भीर सिंह एडीएम सिटी, विवेक कुमार श्रीवास्तव एडीएम एफआर, तीनों तहसीलों के एसडीएम, ओपी यादव बीएसए, राजेश श्रीनिवास विद्यालय निरीक्षक, विद्युत विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# महापौर को नगर आयुक्त ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं, 2024 में शहर हित में किए जाने वाले कार्यों की बनाई रूपरेखा

## नगर आयुक्त ने मातहतों को हैप्पी न्यू ईयर बोलकर 2024 में निगम हित में बेहतर कार्य करने के लिए किया मोटिवेट



**टीबीसी न्यूज**


**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी निगम के अधिकारियों, बाबूओं व अन्य स्टाफ को नववर्ष की शुभकामनाएं दी, साथ ही 2024 में निगम हित में तथा शहर हित में बेहतर कार्य करने के लिए मोटिवेट भी किया, नगर आयुक्त द्वारा सभी के कार्य स्थलों पर जाकर उनके तथा उनके परिवार जनों का हाल-चाल पूछ कर शुभकामनाएं दी गई। गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारियों द्वारा भी नव वर्ष की शुभकामनाएं नगर आयुक्त महोदय को पुष्प गुछ देकर दी गई। महापौर सुनीता दयाल को नगर आयुक्त द्वारा पुष्प गुछ भेट करते हुए निगम अधिकारियों सहित 2024 नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई साथ ही महापौर तथा नगर आयुक्त ने नव वर्ष 2024 में होने वाले कार्यों पर अधिकारियों के साथ मंथन भी किया, शहर के विकास कार्यों के साथ-साथ किस प्रकार निगम की आई बढ़ाई जानी है इस पर विशेष चर्चा की, हाउस टैक्स के साथ-साथ



अन्य मदों से होने वाली आय पर भी जोर देने के निर्देश दिए' गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर हित में बेहतर कार्य किया जाए प्लानिंग बनाई गई। महापौर तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर हित में लगातार अभियान के रूप में कार्य चल रहे हैं जो की सराहनीय है नव वर्ष के पहले दिन गाजियाबाद नगर निगम में शुभकामनाओं की झड़ी लगी रही शहर के निवासी, अधिकारी गण, तथा माननीय पार्षदों द्वारा भी शुभकामनाएं दी गई।




# नववर्ष व सोमवार को श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ा








**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** नववर्ष पर सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड पडा। भक्तों को भगवान के दर्शन के लिए घंटों लाइन में इंतजार करना पडा। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने सबसे पहले भगवान का अभिषेक व पूजा-अर्चना की और उसके बाद मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए। अंग्रेजी नववर्ष सोमवार को होने से 31 दिसंबर की रात्रि 12 बजे से ही भक्तों की लाइन लगने लगी थी। सुबह होते भीड इतनी बढ गई कि भक्तों की कतारे जस्सीपुरा मोड होते हुए जिला अस्पताल से भी आगे तक पहुंच गई। भीड के चलते भक्तों को कोई असुविधा ना हो। इसके लिए मंदिर के स्वयंसेवक रात्रि से ही व्यवस्था बनाने में लगे रहे। मंदिर व मंदिर के आसपास सुरक्षा के लिए सुरक्षा की व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही और पुलिस ने व्यवस्था बनाने में बहुत ही अच्छा सहयोग दिया। श्रीमहंत नारायण गिरि ने व्यवस्था पर स्वयं नजर रखी। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए देश भर से आए भक्तों ने महाराजश्री से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद भी लिया। मंदिर में जलाभिषेक का सिलसिला 31 दिसंबर की रात्रि 12 बजे से शुरू हुआ और सोमवार को देर रात्रि तक चलता रहा। सायंकाल भगवान का भव्य श्रृंगार भी किया गया।इस अवसर पर गाजियाबाद सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह जी, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त कुंवर ज्ञानन्जयसिंह, किक्रेटर सुरेश रैना, दिनेश रैना, एसडीएम विनय कुमार सिंह, एडीएम रणविजय सिंह, कुलदीप चौहान, भाजपा नेता संजीव शर्मा आदि सैकड़ों भक्तगणों ने पूजा अर्चना की।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जारी है निगम का अभियान, कवि नगर जोन के अंतर्गत 110 किलो प्लास्टिक हुई जप्त

## शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाना है, जारी रखे प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही: नगर आयुक्त




**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लगातार प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जा रहा है जिसमें संबंधित टीम के द्वारा बड़े स्तर पर कार्यवाही की जा रही जिसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट नगर आयुक्त जांच रहे हैं, इसी क्रम में कवि नगर जोन अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही की गई जिसमें गोविंदपुरम के बजारी क्षेत्र में अभियान चलाया गया तथा 65000 जुमार्ना भी वसूला गया लगभग 1 क्विंटल 10 किलो प्लास्टिक मटेरियल भी जप्त किया गया, अभियान के दौरान जोनल कार्यालय कवि नगर की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम, प्रवर्तन दल तथा पुलिस बल उपस्थित रहा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार रोस्टर के अनुसार पांचो जोन में बारी-बारी प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही चल रही है, जिसमें गाजियाबाद नगर निगम की टीम अपील की कार्यवाही, जन जागरूकता की कार्यवाही तथा जुमार्ने की कार्यवाही भी कर रही है, नगर आयुक्त ने टीम को मोटिवेट करते हुए शहर को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाने की ठानी हुई है, जिसके अनुसार कार्यवाही तेजी से चल रही है। अभियान के दौरान व्यापारी वर्ग का भी सहयोग निगम को मिला, स्कूलों में भी विद्यार्थियों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है, आरंभ 3.0 के क्रम में मार्केट एरिया में जाकर निगम की टीम शहर वासियों को तथा व्यापारियों को प्रतिबंधित प्लास्टिक बहिष्कार के लिए जागरुक कर रही है।

# ट्रैफिक नियमों का पालन कराने में निगम भी करेगा सहयोग नगर आयुक्त ने दिए आदेश

**टीबीसी न्यूज**



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा पालन कराने के लिए मोटिवेट किया गया है, पांचो जोनल कार्यालय में भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के आदेश दिए हैं जिसके क्रम में निगम मुख्यालय तथा जोनल कार्यालय में आने वाले आगंतुकों से ट्रैफिक नियमों का पालन अवश्य करें प्रचार प्रसार के लिए बोर्ड भी लगाने के लिए कहा गया है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी महोदय के निर्देश अनुसार नगर आयुक्त द्वारा अपने निगम कर्मचारियों तथा अधिकारियों को निगम तथा जोनल कार्यालय में आते समय सीट बेल्ट तथा हेलमेट का आवश्यक प्रयोग करने के लिए कहा गया है साथ ही अन्य आगंतु को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए अपील की गई है शहर वासियों से अपील की गई है कि वह निगम कार्यालय में जाते समय हेलमेट वह गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा महा नवंबर जो की ट्रैफिक नियमों का विशेष माह होता है उसमें भी सहयोग किया था, कई जगह शहर में डायरेक्शन बोर्ड भी लगाए गए इसी प्रकार सड़क सुरक्षा के लिए जन-जन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए निगम सहयोग कर रहा है, गाजियाबाद नगर निगम अन्य विभागों से समन्वय कर शहर हित में बेहतर करने के लिए सदैव तत्पर है जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग प्राप्त होता है।

# कवि नगर रामलीला मैदान में समुत्कर्ष विधार्थी समागम का भव्य आयोजन

**टीबीसी न्यूज**




**गाजियाबाद।** रामलीला मैदान कवि नगर में समुत्कर्ष विद्यार्थी समागम कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान मेरठ प्रांत के द्वारा किया गया। इस समागम में गाजियाबाद जिले के विद्या भारती से संबद्ध सभी विद्यालयों के भैया बहनों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनरल विजय कुमार सिंह केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि जनरल विजय कुमार सिंह के द्वारा ही इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जनरल साहब ने अपने उद्बोधन में विद्या भारती से संबद्ध विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को देश का कर्णधार बताया तथा भविष्य में देश की बागडोर संभालने वाला बताया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा की आने वाला भविष्य उज्जवल है तथा वर्तमान पीढी भारत को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश गोयल एमएलसी मेरठ प्रांत का सानिध्य प्राप्त हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री डीमेश्वर साहू जी का उद्बोधन सबको प्राप्त हुआ। क्षेत्रीय संगठन मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में विद्या भारती का शिक्षा के प्रति उद्देश्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य बिंदुओं तथा विद्या भारती में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यों की चर्चा की। इस कार्यक्रम में भिन्न-भिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों ने मंच पर बहुत सुंदर-सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए संपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय भक्ति तथा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत थे। सभी विद्यालय के छात्रों ने एक साथ योगाभ्यास व प्राणायाम के सुंदर प्रस्तुति दी। सरस्वती शिशु मंदिर और विद्या मंदिर के छात्रों ने आचार्य शिवकुमार शर्मा के निर्देशन में घोष का सुंदर प्रदर्शन किया। राजस्थानी लोक नृत्य पर लोगों ने खूब तालियां बजाई।इस संपूर्ण समागम में लगभग 7000 हजार विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विद्या भारती, भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री श्री राम वरुण जी, प्रदेश निरीक्षक श्री विशोक जी, सरस्वती शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा शर्मा, प्रांत प्रचारक श्री अनिल जी, विभाग प्रचारक श्री रोहित जी, विभाग कार्यवाह श्री देवेंद्र प्रताप जी, महानगर कार्यवाह श्री मनमीत जी सहित, विद्या भारती, संघ परिवार तथा शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्री संजीव शर्मा जी का भी सानिध्य सबको प्राप्त हुआ।

विद्यार्थियों में इस कार्यक्रम को लेकर बहुत उत्साह था। दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर के छात्रों ने घुड़सवारी के साथ पथ संचलन करते हुए विद्यालय से कविनगर रामलीला मैदान तक झांकी निकाली। विद्यालय के प्राचार्य श्री विपिन राठी जी इस संपूर्ण कार्यक्रम के संयोजक रहे। उन्ही की देखरेख में यह संपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# एनसीआरटीसी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदान कर रहा ड्राइविंग प्रशिक्षण









**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद क्षेत्र में एक विशेष पहल की है, जिसमें महिला गृहणियों को ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 18 से 35 वर्ष की लगभग 500 महिलाओं को अलग-अलग बैच में ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला प्रतिभागियों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है ताकि वे अपनी आजीविका बढ़ा सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

इस ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन से पहले, सर्वेक्षण के माध्यम से गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए एक जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें ड्राइविंग सीखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के विचार पर जोर दिया गया। इस सर्वेक्षण के आधार पर, ड्राइविंग सीखने में रुचि रखने वाली महिलाओं की एक सूची तैयार की गई और गाजियाबाद में मारुति मोटर ट्रेनिंग सेंटर के सहयोग से ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। महिलाओं के लिए यह ड्राइविंग प्रशिक्षण 21 दिनों (प्रतिदिन एक घंटा) तक चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के शुरूआती चरण में लगभग 4-5 दिनों तक महिलाओं को ड्राइविंग के नियमों और ड्राइविंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से परिचित कराने के लिए क्लासरूम ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके बाद दूसरे चरण में 2-3 दिनों तक वाहनों के बारे में तकनीकी जानकारी दी जाती है। इसके बाद तीसरे चरण में उन्हें 4-5 दिनों तक सिमुलेटर के माध्यम से गाड़ी चलाते समय नियंत्रण बनाए रखना सिखाया जाता है।

अंत में, आखिरी चरण में महिलाओं को नियंत्रित वातावरण में सड़कों पर ड्राइविंग का अभ्यास करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, एनसीआरटीसी इन महिला प्रतिभागियों को ड्राइविंग के लिए लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने में भी सहायता प्रदान कर रहा है। ड्राइविंग प्रशिक्षण पूरा होने पर ये महिला प्रतिभागी टैक्सी या ई-रिक्शा जैसे वाहन चलाकर अपने घर की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

यह ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) द्वारा प्रशासित जेएफपीआर (जापान फंड फॉर प्रॉस्परस एंड रेज़िलिएंट एशिया एंड द पेसिफिक) अनुदान के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। एनसीआरटीसी नियमित रूप से महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें टैक्सी ड्राइवरों को प्रशिक्षण, ड्राइवरों और कंडक्टरों के लिए लिंग संवेदीकरण और रोजगार के लिए कौशल विकास सहित इसी तरह की पहल के तहत सैकड़ों महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

आरआरटीएस इस क्षेत्र में खासकर महिला यात्रियों के लिए परिवहन का सबसे सुरक्षित और आरामदायक साधन है। ट्रेन में प्रीमियम कोच के साथ वाला एक कोच महिला यात्रियों के लिए आरक्षित किया गया है और इसके अलावा अन्य सभी कोचों में भी महिला यात्रियों के लिए सीटें आरक्षित हैं। नमो भारत ट्रेनों में महिला यात्रियों को सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था भी लागू की गई है, जिसके तहत पूरी ट्रेन और आरआरटीएस स्टेशन परिसर में निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं।

आरआरटीएस में अधिकांश ट्रेन ऑपरेटर और स्टेशन कंट्रोलर महिलाएं हैं। उल्लेखनीय है कि गत 20 अक्टूबर, 2023 को माननीय प्रधान मंत्री ने भारत के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किमी लंबे प्राथमिकता खंड (साहिबाबाद से दुहाई) का उद्घाटन किया और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्राथमिकता वाले खंड से आगे, हाल ही में दुहाई और मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन के बीच लगभग 25 किलोमीटर के खंड में नमो भारत ट्रेनों का ट्रायल रन भी शुरू हो गया है और जल्द ही इस खंड में ट्रेन सेवाएं भी शुरू हो जाएंगी। इस सेक्शन में कुल चार स्टेशन मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ और मेरठ साउथ हैं।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम चुड़ियाला व कानपुर में सम्पन्न

## मोदी सरकार के राज में किसान समृद्ध हो रहे हैं: किसान



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम चुड़ियाला व ग्राम-कानपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक डॉ.मंजू सिवाच व ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है। मोदी सरकार के राज में किसान समृद्ध हो रहे हैं। कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों सुरेश, दयानंद लक्ष्मी, मामचंद, देवेंद्र, राकेश सिंह तोमर, शिलेन्द्र कुमार, प्रेमपाल सिंह, जगपाल, अमर सिंह को सम्मानित किया गया। जिसमें से किसान अमरीश व शिलेन्द्र ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। महिला एसएचजी सदस्यों/ स्कूली छात्रों/ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आजादी की खुली हवा में हम निकले सीना तान के स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न-भूमि रिकॉर्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# रंजीता धामा ने किया 3 करोड़ 93 लाख रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन



**टीबीसी न्यूज**

**लोनी।** बुधवार को लगातार 10 दिनों से सिलसिले बार उद्घाटनों के कार्यक्रम में आज फिर नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने नगर पालिका क्षेत्र के वार्डों में दी करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात लगभग 3 करोड़ 93 लख रुपए के विकास कार्यों का आज उद्घाटन किया गया वार्ड नंबर 15 राहुल गार्डन खुशी इंक्लेव में लगभग 29 लख रुपए का कार्य वार्ड नंबर 19 अमित विहार में 1 करोड़ 43 लाख रुपए के इंटरलॉकिंग रास्ते वार्डनंबर 7 कृष्ण विहार में लगभग 27 लाख रुपए के विकास कार्य वार्ड 32 रामविहार मांडला गांव में लगभग एक करोड़ 50 लाख रुपए के विकास कार्य वार्ड 6 टीला बंथला गांव मे लगभग 1 करोड़ के इंटरलॉकिंग रास्तों का आज उद्घाटन किया गया इस अवसर पर लोनी नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा का लोगों ने फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ में जोरदार स्वागत किया स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए रंजीता धामा ने कहा कि जिस तरह से लोनी की जनता ने अपना भरपूर प्यार हम लोगों को दिया है।

इसी तरह से आने वाले समय में लोनी को एक अलग पहचान देने का काम हम लोग करेंगे हमारी कथनी और करनी में कोई भी अंतर नहीं है हमने विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ा था और हमारा मुख्य मुद्दा ही लोनी का विकास करना है।

उद्घाटन के अवसर पर सभासद सुनील बघेल विकास धामा आदेश धामा रेखा चौधरी सुनीता संदीप प्रजापति सुमन शर्मा राकेश बाल्मिकी रंजन श्रीवास्तव आलोक मिश्रा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग की योजनाओं में धनराशि की कोई कमी नहीं: नरेन्द्र कश्यप



**टीबीसी न्यूज**

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं है। धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग करते हुए दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के पात्र लोगो को योजनाओं का लाभ देने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री तैयार की जाए तथा जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों को वितरित किया जाए। विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए।

मंत्री कश्यप गुरुवार को अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संकल्प के साथ कार्य करें। दिव्यांगजनो की समस्याओं को समझे और उसका त्वरित समाधान किया जाए। पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान किया जाय। दिव्यांगजनो के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को दिलाया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रवासों के मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिये जाय। पिछडे वर्ग के युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण में शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जाय। शादी अनुदान योजना के आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित किया जाय एवं योजना का लाभ दिया जाय।

मंत्री कश्यप ने कहा कि डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जाए। विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों के हितों का ध्यान रखा जाय और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाय।

मंत्री कश्यप ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में संचालित शादी अनुदान योजना के अंतर्गत अब तक 26057 लाभार्थियों के खाते में 52.11 करोड़ रुपए की धनराशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।

# शहरवासी अधिक से अधिक केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लें लाभः वीके सिंह

## भव्य रूप से हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन, निगम अधिकारियों की हुई सरहाना







**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** मोहन नगर जोन की अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं जिसकी क्रम में लाजपत नगर स्थित रामलीला ग्राउंड में पहला कार्यक्रम आयोजित हुआ दूसरा कार्यक्रम डीएलएफ रामलीला ग्राउंड में आयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुनील शर्मा तथा केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह उपस्थित रहे, भारी संख्या में क्षेत्रवासी भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए जिनके द्वारा केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार निगम अधिकारियों ने कार्यक्रम की कमान संभाली आए हुए अतिथियों का स्वागत किया, कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय आरके सिंह भी उपस्थित रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसकी सराहना जनरल वी के सिंह द्वारा की गई, लगभग 1150 लाभार्थियों ने लाभ उठाया उज्ज्वला योजना में लगभग 42 महिलाओं को लाभ मिला इस प्रकार अन्य योजनाओं में भी क्षेत्र वासियों ने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाया। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा जोनल प्रभारी मोहन नगर आरपी सिंह की देखरेख में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हुई कार्यक्रमों की सूचना जन जन तक पहुंचाने का कार्य भी निगम कर रहा है उपस्थित अतिथियों ने क्षेत्र के निवासियों को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई, कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष संजीव शर्मा क्षेत्रीय पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध निगम का अभियान तेज, वसुंधरा तथा सिटी जोन में वसूला 158300 का जुर्माना

## शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में साम- दाम-दंड निति पर कार्य कर रहा है निगमः नगर आयुक्त





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु लगातार निगम की कार्यवाही देखने को मिल रही है, जिसमें निगम की टीम जहां शहर वासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील कर रही है वहीं दूसरी ओर प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही भी कर रही है, गाजियाबाद नगर निगम की टीम द्वारा वसुंधरा तथा सिटी जोन के अंतर्गत बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया है, जिसमें हिदायत देते हुए 158300 का जुमार्ना लगाया गया। प्रवर्तन दल, स्वास्थ्य विभाग तथा जोनल प्रभारी की टीम द्वारा मिलकर सिटी जोन के किराना मंडी क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर बड़ी कार्यवाही की है जिसमें लगभग एक लाख का जुमार्ना वसूला गया साथ ही 300 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक को जप्त किया गया, आसपास की दुकानदारों द्वारा भारी विरोध भी किया गया किंतु नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार टीम ने कुबेर इंटरनेशनल गोदाम को सील किया तथा अन्य दो गोदाम से प्लास्टिक को जप्त किया, टीम ने बताया कि किराना मंडी में तीन गोदाम ऐसे मिले जहां पर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा था, जो की 120 माइक्रोन से नीचे था जिसको तुरंत जप्त कर लिया गया है,इसी क्रम में वसुंधरा जोन के बजारी क्षेत्र में भी अभियान चलाया गया जिसमें 58300 का जुमार्ना किया गया, लगभग 40 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक दुकानदारों से जप्त किया, मौके पर परिवर्तन दल प्रभारी करनल दीपक शरण, एस एफ आई संजीव, स्थानीय पुलिस बल व अन्य टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम ने शहर को पूर्णतः प्लास्टिक फ्री बनाने की ठान रखी है जिसके क्रम में लगातार अभियान चलती दिखाई दे रहे हैं नुक्कड़ नाटक अपील रैली सभा में अन्य माध्यमों से शहर वासियों को व्यापारियों को जागरूक किया जा रहा है कि वह प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल कतई ना करें उसके बावजूद भी कई दुकानदार जिनके यहां प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न किए जाने का बोर्ड तो लगा है किंतु सबसे अधिक प्लास्टिक वहीं से बरामद की गई है नगर आयुक्त के नेतृत्व में विशेष कार्यवाही शहर में चल रही है जो कि शहर वासियों के लिए सराहनीय है शहर को प्रदूषित करने वाली प्लास्टिक को पूर्णतया प्रतिबंधित करने का कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है जिसमें जनप्रतिनिधि भी सहयोग कर रहे हैं। नगर आयुक्त की पुनः अपील गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत शहर वासियों से तथा व्यापारियों से दुकानदारों से नगर आयुक्त द्वारा पुनः अपील की गई है कि वह प्रतिबंधित प्लास्टिक का कतई इस्तेमाल न करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही में व्यापारी वर्ग भी निगम का सहयोग करें अपील की गई है, अभियान के दौरान देखा गया कि कई दुकानदार तथा व्यापारी निगम का सहयोग भी कर रहे थे, नगर आयुक्त ने जहां टीम को अपील करने के लिए निर्देशित किया हुआ है वही प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही में बाधा करने वालों के खिलाफ एफआईआर करने के लिए भी आदेशित किया गया है।

# दो नामचीन कंपनियों में मेवाड़ के 66 विद्यार्थियों को नौकरी मिली

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 66 बच्चों को दो नामचीन कंपनियों ने नौकरी दी है। मशहूर कंपनी इंवेस्टर्स क्लीनिक ने 56 और अनलिस्टेड जोन ने 10 विद्यार्थियों का कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद चुनाव किया है।

इंवेस्टर्स क्लीनिक ने बीबीए के 35, बीकॉम के 16 और बीसीए के 5 तथा अनलिस्टेड जोन ने बीबीए के 2 और बीकॉम के 8 विद्यार्थियों का चयन किया है। यह जानकारी प्लेसमेंट ऑफीसर हर्षवर्द्धन शर्मा ने दी। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।





# कंबोडिया के सिविल सेवकों का जिलाधिकारी के नेतृत्व में भव्य स्वागत

## प्रशासनिक अधिकारियों ने दी विभागों और अधिकारियों की भूमिका व जिम्मेदारियों की जानकारी





**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** कंबोडिया के सिविल सेवकों के लिए दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम सार्वजनिक नीति और शासन का 3 जनवरी 2024 को जिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए एनसीजीजी टीम के साथ कंबोडिया के 40 सिविल सेवकों का जिला गाजियाबाद में आगमन हुआ। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा कंबोडिया के सभी 40 सिविल सेवकों का भव्य स्वागत किया गया। उसके उपरान्त महात्मा गांधी सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी के नेतृत्व में एसीपी श्री निमिष पाटिल द्वारा पुलिस कमिश्नरेट, सीडीओ श्री अभिनव गोपाल द्वारा राजस्व, विकास कार्यों सहित अन्य, सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर द्वारा स्वास्थ्य विभाग, एसडीएम श्री विनय कुमार सिंह द्वारा तहसील स्तर पर किये जाने वाले कार्यों सहित अन्य विभागों और अधिकारियों की भूमिका व जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान आए हुए ग्रुप के सदस्यों के द्वारा कई सवाल पूछे गए जिसमें कोरोना के समय किस प्रकार कार्य किया गया, कोरोना के बाद पोपर्टी के रेट में क्या अंतर आया, स्लम एरिया के सुधार एवं विकास के लिए क्या कार्य करते हैं, बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए क्या कार्य करते हैं साथ ही न्याय प्रणाली कैसी है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना समय में ट्रैक, टेस्ट और ट्रीटमेंट के आधार पर कार्य किए गए जिसके बेहतर परिणाम मिले। वहीं कोरोना समय में पोपर्टी के रेट कम हुए जो कि अब नार्मल हैं। स्लम एरिया में सुधार हेतु केन्द्र सरकार, राज्य सरकार द्वारा विशेष योजनाएं चलाई जाती हैं जिनका जिला स्तर पर सरकार के प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों और प्रशासन द्वारा संचालन होता हैं। बच्चों और बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा बहुत ही महत्वकांशी योजनाएं संचालित हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि न्याय व्यवस्था में पीड़ित व्यक्ति एसडीएम कोर्ट से न्याय ले सकता है, यदि वहां के न्याय से वह सन्तुष्ट नहीं होता है तो मजिस्ट्रेट, उसके बाद जिला जज, उच्च न्यायालय और उसके बाद उच्चतम न्यायालय यह उसके केस पर निर्भर करता है। जिलाधिकारी और उनकी टीम द्वारा दी गई जानकारी और सवालों के जवाब से कंबोडिया टीम ने प्रसन्नचित्त होकर तालियां बजायी।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.